भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा, भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) और भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के अधिकारियों द्वारा मुलाकात के अवसर पर संबोधन।

राष्ट्रपति भवन : 26.12.2023

सबसे पहले, मैं आप सब को कठिन परीक्षाओं में सफलता पाने और प्रतिष्ठित सेवाओं में आने के लिए बधाई देती हूँ। सार्वजनिक सेवा में शामिल होने का विकल्प चुनने के लिए मैं, आप सब की सराहना करती हूँ, जिससे आपको शासन प्रणाली में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए देश की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आप सब को अपने-अपने क्षेत्रों में अभिनव, स्मार्ट और नागरिक-केंद्रित कार्यप्रणाली के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में बहुत बड़ा योगदान देना है

आपके प्रशिक्षण अनुभवों को सुनने के बाद, मुझे विश्वास है कि हमारे युवा अधिकारी आत्मविश्वास, दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि आप सब देश को एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर आगे ले जाने के लिए ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए हैं। मुझे बताया गया है कि आपने अपने प्रशिक्षण के दौरान देश की विविधता और संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव लेने और लोगों के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की है।

प्यारे युवा अधिकारियों,

जब आप विभिन्न विभागों में तैनात होंगे तो आपको हमेशा याद रखना होगा कि आपके कार्यों और निर्णयों का सब नागरिकों के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। अपने कार्य के प्रति

सत्यनिष्ठा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी रखकर आप सब लोगों के विकास की गति सुनिश्चित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा के प्यारे अधिकारियों,

आप सब को जन-विश्वास के संरक्षक और वित्तीय विवेक के संरक्षक के रूप में कार्य करना है आपको निर्णय लेते समय और उन्हें कार्यरूप देते समय हमेशा सच्चाई, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखनी है। सरकारी विभागों और संगठनों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्थान का बहुत महत्व है। पिछले महीने मैंने सीएजी द्वारा ऑडिट दिवस मनाने के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में भाग लिया था। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके सीएजी संस्थान पेपरलेस ऑडिट की ओर अग्रसर हो रहा है, और सभी ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाइन मोड में तैयार कर रहा है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि संगठन अपने कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने जा रहा है।

आपको ऐसी संस्था का हिस्सा होने पर गर्व अनुभव करना चाहिए जिसने वर्षों से शासन प्रणाली में अपनी स्थिति मजबूत की है। इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना आप जैसे युवा अधिकारियों का कर्तव्य है।

भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्यारे अधिकारियों, आपको कई प्रकार के शुल्कों और करों के प्रशासन और संग्रह का कार्य सौंपा जाएगा। आपको इस सेवा में सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक स्थापित करने होंगे प्यारे अधिकारियों, विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर नशीले पदार्थों और नशीली दवाओं की तस्करी की रोकथाम में आप सबको कई चुनौतियाँ का सामना करना पड़ेगा। आप सब को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासकों, जांचकर्ताओं, वकीलों और नीति निर्माताओं के रूप में कार्य करना होगा। आप सब भारत सरकार द्वारा व्यापार, सीमा शुल्क और संबंधित क्षेत्रों में की जाने वाली संधियां करवाने में शामिल होंगे। इन विविध कार्यों को कुशलता से करने के लिए, आपको सभी क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति की जानकारी रखनी होगी, साथ ही अन्य सेवाओं और विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर भी काम करना है

मुझे विश्वास है कि आप देश और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के प्यारे अधिकारियों,

आप एक ऐसी सेवा में चुनकर आए हैं जिसमें सांख्यिकीय विधियों और उनके उपयोग में उच्च स्तर की दक्षता की आवश्यकता होती है। डेटा या सांख्यिकी, नीतियों के निर्माण से लेकर कार्यक्रमों और योजनाओं के परिणामों का विश्लेषण करने तक की सभी गतिविधियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण आधार होता है। इन आंकड़ों के माध्यम से नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों और नागरिकों को यह जानकारी मिलती है कि देश का प्रमुख सामाजिक आर्थिक मापदंडों पर कैसा प्रदर्शन है। यह ऐसा समय है जब दुनिया भारत के विकास और कार्य को उत्सुकता से देख रही है।

अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार करने की भी आवश्यकता है। अनेक चैनलों के माध्यम से सूचना की बढ़ती उपलब्धता से प्रामाणिक और सटीक आंकड़ों का महत्व कई गुना बढ़ चुका है। आधिकारिक आंकड़ों को संकलित करने और सर्वेक्षण कार्यों के प्रबंधन के लिए आप सब को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा, डेटा साइंस और अन्य क्षेत्रों के नवीनतम तरीकों का उपयोग करना होगा

प्यारे युवा अधिकारियों,

मुझे विश्वास है कि आप अपने देश को एक विकसित देश बनाने की प्रक्रिया में परिवर्तनकर्ता की भूमिका निभाएंगे। आपको गांधीजी के अंत्योदय सिद्धांत को हमेशा याद रखना है तथा अंतिम और गरीब व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करना है। इस अमृत काल में आप सब को नए मानक स्थापित करने हैं।

मैं, आप सब के उज्ज्वल भविष्य और शानदार करियर की कामना करती हूं। साथ ही आशा करती हूँ आप सब मिलकर देश का नाम ऊंचा करेंगे।

धन्यवाद।

जय हिन्द!

जय भारत!